# अंता उपचुनाव में बीजेपी की हार का कारण टिकट चयन को लेकर खींचतान रही

**मोरपाल सुमन को टिकट दिया गया, जो पार्टी की पहली पसंद नहीं थे, इस असमंजस ने बीजेपी की चुनावी पकड़ कमजोर कर दी और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भी कम कर दी**

- **उपचुनाव में कांग्रेस की सबसे बड़ी सफलता उसकी एकजुटता रही, कांग्रेस ने पूरे चुनाव अभियान को समन्वित बनाए रखा**
- **निर्दलीय नरेश मीणा शुरुआत में कांग्रेस के लिए खतरा माने जा रहे थे, इसलिए कांग्रेस सतर्क रही, परंतु बीजेपी ने उन्हें किसी भी खतरे की श्रेणी में नहीं रखा**

**जयपुर/अंता।** अंता विधानसभा उपचुनाव का परिणाम प्रदेश की सियासत में एक बड़ा संकेत छोड़ गया है। कांग्रेस ने वह सीट बीजेपी से छीन ली, जिसे पिछले चुनाव में वह मामूली अंतर से हार गई थी। इस बार कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया ने तीन गुना बड़े अंतर से जीत दर्ज की। कांग्रेस की इस अप्रत्याशित वापसी और बीजेपी की हार के पीछे कई अहम कारण रहे। उपचुनाव में कांग्रेस की सबसे बड़ी सफलता उसकी एकजुटता रही। अशोक गहलोत और सचिन पायलट ने मिलकर चुनाव को संघर्षपूर्ण नहीं, बल्कि रणनीतिक बनाया। प्रमोद जैन भाया की स्थानीय पकड़ और संगठन की मजबूत जमीनी चौकसी ने मिलकर कांग्रेस को स्पष्ट बढ़त दिलाई। कांग्रेस ने पूरे चुनाव अभियान को समन्वित और आक्रामक बनाए रखा।

बीजेपी की हार का सबसे बड़ा कारण टिकट चयन को लेकर भीतरखाने चली खींचतान रही। वसुंधरा राजे की पहली पसंद कंवरलाल मीणा की पत्नी थी, लेकिन परिवारवाद का मुद्दा उठने से यह नाम आगे नहीं बढ़ पाया। इसके बाद प्रभुलाल सैनी का नाम सामने आया, किंतु सहमति नहीं बनी। अंत में मोरपाल सुमन को टिकट दिया गया, जो पार्टी की पहली पसंद नहीं थे। इस असमंजस ने बीजेपी की चुनावी पकड़ कमजोर कर दी और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भी कम कर दी। उपचुनाव का जिम्मा वसुंधरा राजे और उनके बेटे दुष्यंत सिंह को सौंपा गया।

सीएम भजनलाल शर्मा भी प्रचार में शामिल हुए, लेकिन चुनाव का फोकस मोरपाल सुमन की बजाय वसुंधरा राजे की प्रतिष्ठा बन गया। यह चुनाव स्थानीय मुद्दों से हटकर हाई प्रोफाइल चेहरों की उपस्थिति पर ज्यादा केंद्रित दिखाई दिया, जिससे जमीनी असंतोष लगातार बढ़ता गया। बारां जिले के दोनों दिग्गज नेता-हीरालाल नागर और मदन दिलावर को प्रचार से लगभग साइड लाइन रखा गया। दोनों के स्थानीय जनाधार मजबूत हैं और इन्हें दूर रखने का संदेश गांव-गांव में नकारात्मक रूप में गया। सात बार के विधायक प्रताप सिंह सिंघवी तक प्रचार में कहीं नहीं नजर आए। स्थानीय सोशल स्ट्रक्चर को समझने वाले नेताओं की इस अनुपस्थिति ने बीजेपी के वोट बैंक को कमजोर किया। निर्दलीय नरेश मीणा शुरुआत में कांग्रेस के लिए खतरा माने जा रहे थे, इसलिए कांग्रेस सतर्क रही, परंतु बीजेपी ने उन्हें किसी भी खतरे की श्रेणी में नहीं रखा।

नरेश मीणा को हनुमान बेनीवाल और राजेंद्र गुढ़ा का खुला समर्थन मिला। कई गांवों में उनकी सभाओं में भीड़ बढ़ती गई और उन्होंने मीणा, धाकड़, राजपूत समाज के नाराज वोटों को अपने साथ जोड़ लिया। किरोड़ी लाल मीणा का प्रचार भी केवल औपचारिक रहा। राजनीतिक जानकारों के अनुसार यदि वे पूरी ताकत से जुटते तो समीकरण काफी अलग दिखते। बीजेपी सरकार को पता था कि उपचुनाव होना तय है, लेकिन अंता क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं पर कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। सड़कें, बस स्टैंड, स्कूल और बिजली जैसे मुद्दों पर काम दिखाई नहीं दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि सरकार उपचुनाव से पहले ही कुछ विकास कार्य शुरू कर देती या अपनी मौजूदगी महसूस कराती तो माहौल बीजेपी के पक्ष में जा सकता था। इस जीत ने कांग्रेस में नई ऊर्जा भर दी है। गहलोत और पायलट की एकजुटता का संदेश मजबूत हुआ है और संगठन में आत्मविश्वास बढ़ा है।

बीजेपी के लिए यह हार आत्ममंथन की मांग करती है। टिकट चयन, स्थानीय नेतृत्व की अनदेखी और जातीय समीकरणों की गलत व्याख्या जैसे मुद्दों पर पार्टी को अब गहराई से समीक्षा करनी होगी।

# पॉक्सो एक्ट मामले में फरार बदमाश गिरफ्तार

- **डिटेन करने के दौरान भागते समय नाले में गिरने से बदमाश चोटिल हुआ**

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट मामले में फरार शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। डिटेन करने के दौरान भागते समय नाले में गिरने से बदमाश चोटिल हो गया।

प्रकरण के अनुसार 16 अक्टूबर को पीड़िता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था। प्रकरण के अनुसारआरोपी शिवा शर्मा पुत्र गोपाल शर्मा 13 मई को स्कूल से घर लौटते समय पुत्री का हाथ पकड़ कर 50 हजार रूपये मांगे, शादी करने की धमकी दी। विरोध करने पर मुझे व पति को जान से मारने की धमकी दी। घटना के दो दिन बाद दुबारा आरोपी ने मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की तथा घर में घुस कर अलमारी से जेवर ले गया। वारदात के बाद आरोपी इंस्टाग्राम पर डॉन ऑफ सेक्टर 14 नाम से आईडी बना कर अपराधिक वीडियो डालकर आमजन में भय पैदा कर रहा था।

मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व एएसआई धर्मवीरसिंह, मनोहरसिंह मय दल ने हुलिया बदलकर जोधपुर में कार गैराज पर नौकरी करते आरोपी शिवा शर्मा उर्फ शिवा पुत्र गोपाल शर्मा को डिटेन कर उदयपुर लेकर रवाना हुए, जहां बीच रास्ते लघुशंका के बहाने नीचे उतरकर मौका देख कर भागा, जिसका पिछा करने पर नाले में गिरने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की।

## युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** गुजरात रोडवेज की बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। गुरूवार सांय खेरवाड़ा थाना क्षैत्र छाणी रोड़ पर गुजरात रोडवेज बस की टक्कर से घायल फलासिया निवासी अर्जुन कुमार नाथ (24) पुत्र कमल कुमार नाथ की मौत हो गई। अर्जुन अपने ससुराल मीठी मउडी छाणी आया था। गुरूवार को अपने साले के साथ स्कूटी पर ससुराल से गांव लौट रहा था, जहां बीच रास्ते छाणी गांव के समीप गुजरात रोडवेज बस ने स्कूटी को चपेट में ले लिया था।


**कार्यालय नगरपालिका मसूदा जिला ब्यावर (राजस्थान)**
गांधी चौक मसूदा

क्रमांकः न0पा0म0/2025/1290 दिनांक : 11.11.2025

**-: ऑफलाईन निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका गुलाबपुरा द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से कार्य हेतु ऑफलाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं। ऑफलाईन निविदा कार्य संख्या-02 कार्यो की ऑफलाईन निविदाएं दिनांक 21.11.2025 को 04.00 बजे तक उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

उपरोक्त निविदा सम्बन्धित सूचना www.sppp.raj.nic.in साईट पर देखी जा सकती हैं।

NIB CODE Reference No. DLB2526A7924

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मसूदा

राज.संवाद/सी/25/13843



**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.रा./2025/1193 दिनांक 11.11.2025

**ई-निविदा सूचना 15/2025-26**

नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में AA,A,B, Class एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 11.11.2025 से 20.11.2025 एवं अपलोड करने की दिनांक 11.11.2025 से 20.11.2025 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी./ निविदा षुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 21.11.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 21.11.2025 को दोप. 1.00 बजे बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

| SR.NO | NIB | UBN |
|---|---|---|
| 1 | DLB2526A7914 | DLB2526WSRC23814 |
| | | DLB2526WSRC23815 |

राज.संवाद/सी/25/13856 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगंजमण्डी


# राज्यपाल बागड़े ने इंद्रा देवनानी को श्रद्धांजलि दी

**अजमेर, (निसं)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिकिशन राव भाऊ बागड़े शुक्रवार को अजमेर पहुंचे, जहां उन्होंने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी स्वर्गीय इंद्रा देवनानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल बागड़े ने देवनानी परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और इस कठिन घड़ी में ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इंदिरा देवनानी एक सरल, स्नेही और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई व्यक्तित्व थीं, जिनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। इस दौरान अजमेर जिला कलेक्टर लोक बंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी देवनानी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की।



राज्यपाल बागड़े ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निवास पर पहुंचकर इंद्रा देवनानी के निधन पर शोक जताया।

राज्यपाल के आगमन पर मौजूद जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी स्वर्गीय इंद्रा देवनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कार और स्कूटी की भिड़ंत में युवक की मौत

- **कार पर भारत सरकार लिखा हुआ था, नेशनल हाइवे 48 पर हुआ हादसा**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र के धूलखेड़ा के समीप शुक्रवार को नेशनल हाइवे-48 पर भारत सरकार लिखी अर्टीगा कार और स्कूटी के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाइवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार युवक मांडल की ओर आ रहा था, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही भारत सरकार लिखी अर्टीगा कार ने उसकी स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही मांडल थाना पुलिस मय जाब्ता मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी एवं अर्टीगा कार को हाइवे से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस ने मृतक के शव को उपजिला अस्पताल मांडल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान रनीकपुरा निवासी रतनलाल पुत्र धन्ना लाल गुर्जर के रूप में हुई है। परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है, जहां घर में मातम का माहौल है। हादसे के बाद पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाइवे पर तेज रफ्तार और भारी वाहनों की लापरवाही के चलते इस तरह के हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और गति नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।



कार की टक्कर से स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई।


**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.रा./2025/1205 दिनांक 12.11.2025

**ई-निविदा सूचना 16/2025-26**

नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में AA,A,B, Class एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 12.11.2025 से 26.11.2025 एवं अपलोड करने की दिनांक 12.11.2025 से 26.11.2025 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी./ निविदा षुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 27.11.2025 समय प्रातः 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 27.11.2025 को दोप. 1.00 बजे बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

| SR.NO | NIB | UBN |
|---|---|---|
| 1 | DLB2526A7986 | DLB2526WSOB24002 |
| 2 | | DLB2526WSOB24003 |
| 3 | | DLB2526WSOB24005 |
| 4 | | DLB2526WSOB24008 |
| 5 | | DLB2526WSOB24010 |
| 6 | | DLB2526WSOB24011 |

राज.संवाद/सी/25/13852 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रामगंजमण्डी


# भारत और इंग्लैण्ड की सेना का युद्धाभ्यास 17 से

- **महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज में होगी प्रैक्टिस, हथियारों के साथ पहुंचेंगे जवान**
- **भारत-यूके संयुक्त अभ्यास "अजय वारियर" का ये 8वां एडिशन है**

**बीकानेर, (निसं)।** भारत और इंग्लैड के बीच एक बार फिर महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास होगा। इस संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत 17 नवम्बर से हो रही है, जिसमें दोनों देशों के जवान अपने-अपने मॉडर्न हथियारों के साथ पहुंच रहे हैं।

भारत-यूके संयुक्त अभ्यास "अजय वारियर" का ये 8वां एडिशन है। जो सोमवार को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में शुरू होगा। अगले कुछ दिनों तक दोनों देशों के जवान अपनी-अपनी तकनीक के साथ युद्ध का अभ्यास करेंगे।

आतंकवाद सहित सीमा पर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर दोनों देश अपने अपने अनुभव शेयर करेंगे। बीकानेर में सोमवार से शुरू हो रहे अभ्यास से पहले भी पश्चिमी राजस्थान में कई जगह युद्धाभ्यास जोरों पर है। पश्चिमी राजस्थान के किसी हिस्से में रुद्र ब्रिगेड ने जमीनी अभियानों, विशेष हेलीबोर्न अभियान के तहत अभ्यास किया।

इसी तरह सेना आर्मी एविएशन से समन्वित हमलावर हेलिकॉप्टर मिशन का अभ्यास कर रही है।

साथ ही मशीनीकृत और पैदल सेना युद्धाभ्यासों का समन्वय किया जा रहा है। हाल ही में एक युद्धाभ्यास में सभी आर्म्स और सर्विसेज के एकीकृत उपयोग के माध्यम से कोणार्क कोर की पूर्ण-स्पेक्ट्रम युद्ध तत्परता को साबित किया गया।

## विवाहिता की मौत

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के इंद्रा कॉलोनी में एक विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामले में मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

इंद्रा कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस के पीछे निवासी नगमा (32) पत्नी शाहजेब ने अपने मकान में गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद मौके पर पंहुची कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतका के पिता ने थाने में प्रकरण दर्ज कराकर मृतका के पति शाहजेब उर्फ जानू व देवर समीर पर अपनी पुत्री नगमा से दहेज के लिए मारपीट करने व गाली-गलौच करके प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है।

# फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- **दो अक्टूबर को दो गुटों के बीच तलवारबाजी एवं फायरिंग की घटना हुई थी**

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना क्षेत्र में फायरिंग करने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 2 अक्टूबर को दो गुटों के बीच हाथीपोल थाना क्षेत्र में एक होटल के बाहर तलवारबाजी एवं फायरिंग की घटना हुई थी, जिसको लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ हाथीपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर हाथीपोल थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास के नेतृत्व में गठित दल ने शोएब उर्फ पहलवान पुत्र एजाज मो. निवासी नागानगरी चांदपोल अम्बामाता, मो. सोहेल उर्फ अन्ना पुत्र मो. रसीद निवासी महावतवाड़ी को प्रोडक्शन वारंट जरिये जेल से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किया। आरोपी राहिल उर्फ बोहरा व शाहरूख के खिलाफ गोवर्धन विलास में दर्ज प्रकरण को लेकर तथा 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी के दौरान होटल के सामने राहिल उर्फ बोहरा तथा उसके साथी ने तबर्रूक के लिए लगाए कांउटर पर आए नजिब व मलिक ने राहिल व मित्र शाहनवाज के साथ गाली-गलौज की थी। इसी रंजिश के चलते एवं दबदबा कायम करने के लिए योजनाबद्ध वारदात को अंजाम देना सामने आया।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान**
आबकारी भवन2-गुनियावाला, पंचवटी, उदयपुर-313001

क्रमांक-F.32(B)(1)((After Policy-2025-26)EX/L/2025-04359/489 दिनांक-11.11.2025

**पडत मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के अनुज्ञापत्र हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा क्रमांक प.4(1)वित्त/आब/2025 दिनांक 29 जनवरी 2025 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2025-29 के प्रावधानानुसार पडत मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के लिये ई-निविदा प्रक्रिया से वर्ष 2025-26 के बन्दोबस्त करने हेतु निम्नानुसार ई-निविदिाए आमंत्रित की जाती है-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन डाउनलोड करने की दिनांक व समय | दिनांक 13.11.2025 दोपहर 3.00 बजे से |
| 2 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 17.11.2025 दोपहर 3.00 बजे तक |
| 3 | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक, समय, व स्थान | दिनांक 17.11.2025 को दोपहर 4.00 बजे से संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय |

**ई-निविदा में भाग लेने की शर्ते-**

1. यह निविदा वेबसाईट https://www.sppp.rajasthan.gov.in तथा विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएं वेबसाईट https://www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। ई-निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में लॉगिन/साइन करने हेतु काम में आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है उन्हें नया सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
2. मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) का जिलवार एवं उनके आवेदन शुल्क, अनुमानित गारण्टी, अमानत राशि, धरोहर राशि, पंजीकरण शुल्क का विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।
3. ई-निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) का फार्म डाउनलोड करके फार्म के साथ प्रक्रिया शुल्क, आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि के चालान राजकोष में ऑनलाईन/ऑफलाईन जमा करवाकर चालानों की प्रति अपलोड करनी होगी। इन राशियों के जमा नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता को निम्नलिखित राशियां उनके सामने उल्लेाित राजकोष मद में जमा करवानी होगी-

| क्र.सं. | विवरण | राशि (रूपये में) | राजकोष लेखा मद |
|---|---|---|---|
| 1 | RISL की प्रक्रिया/ पंजीकरण शुल्क | रू. 2000/- | 8658-00-102-(16)-01 (सिविल विभाग) |
| 2 | आवेदन शुल्क | आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के बिन्दु संख्या 2.6.1 के अनुसार रू. 50,000/- (2 करोड रूपये तक की आरक्षित राशि हतु) रू. 1,00,000/- (2 करोड रूपये से अधिक की आरक्षित राशि हेतु) | 0039-00-501-01-00 (आवेदन शुल्क) |
| 3 | अमानत राशि | निर्धारित आरक्षित राशि का 2 प्रतिशत | 8443-00-103-00-00 (प्रतिभूति जमा) |

ई-प्रोक पोर्टल से प्रक्रिया शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि का एक चालान जनरेट करने पर लेखा मद 0075-00-800-52-01 (निविदा प्रपत्र शुल्क) में राशि रू. एक रूपया जमा करवाकर आवेदन शुल्क का चालान पृथक से राजकोष में मद 0039-00-501-01-00 में जमा किया जा सकता है।

4. अनुमानित गारण्टी राशि से कम राशि की निविदा प्राप्त होने पर स्वीकृति के संबंध में सक्षम स्तर से निर्णय लिया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने के समस्त अधिकार आबकारी आयुक्त का होंगे।
5. स्वीकृत निविदादाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस ई-निविदा के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तो जो विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है के अनुसार जमा करानी होगी।
6. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा धरोहर राशि अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
7. वर्ष 2025-26 के पात्र अनुज्ञाधारियों को क्रमश वर्ष 2026-27, 2027-28 व 2028-29 के लिये निर्धारित शर्तो पर अनुज्ञापत्र नवीनीकरण का अवसर दिया जायेगा।
8. मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-निविदा में भाग ले सकेंगे जो राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश, आबकारी नीति वर्ष 2025-29 तथा प्रारूप अनुज्ञा पत्र इत्यादि https://excise.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है जिनका ई-निविदा में भाग लेने से पूर्व भली भांति अध्ययन कर लेना चाहिए। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।
9. ई-निविदा के संबंध में अन्य प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 एवं राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेंगे।
10. ई-निविदा के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो न्यायिक क्षेत्र संबंधित जिला ही रहेगा।

UBN NO. EXC2526GLOB00151

(शिवप्रसाद नकाते)
आबकारी आयुक्त, राजस्थान

DIPR/C/16811/2025



**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY, KOTA**
(Rawathbhata Road, Kota -324021) (Estate Cell)

**NOTICE INVITING E-TENDER (NIB 17/2025-26)**

E-Bid is invited for "ARC for hiring of Computer Machines along with trained personnel" (UBN: VMU2526SLRC00020). Further details may be obtained from http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.vmou.ac.in w.e.f. 15/11/2025.

Raj.Samwad/C/25/13884 OIC (Estate)



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि.विभाग,खण्ड कोलायत**

क्रमांक-2359-75 दिनांक-11.11.2025

**Notice Inviting Bid-64-70/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 24.11.2025 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 168.81 lacs.

| | | | |
|---|---|---|---|
| NIT NO. | 64 | 65 | 66 |
| UBN NO. | PHE2526WSOB08426 | PHE2526WSOB08427 | PHE2526WSOB08428 |
| NIT NO. | 67 | 68 | 69 |
| UBN NO. | PHE2526WSOB08429 | PHE2526WSOB08430 | PHE2526WSOB08431 |
| NIT NO. | 70 | | |
| UBN NO. | PHE2526WSOB08432 | | |

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

DIPR/C/16680/2025

(धर्मेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियंता
जन स्वा.अभि.विभाग खण्ड कोलायत



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)**
नेशनल हाईवे नम्बर- 11, श्रीडूंगरगढ जिला- बीकानेर
Tel. : 01565-224766 E-mail id : nagarpalikadungargarh0@gmail.com

क्रमांक :-न.पा.श्रीडूं/4021 दिनांक :- 11.11.2025

**ई निविदा सूचना**

नगरपालिका मंडल श्रीडूंगरगढ़ के द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते व अन्य विवरण वेबसाईड sppp.rajasthan.gov.in व WWW.etenders.gov.in पर कर दिया गया हैं। जिसके युबीएन नम्बर निम्नानुसार है :-

| क्रं.सं. | UBN NO |
|---|---|
| 1. | DLB2526WSOB23837 |
| 2. | DLB2526WSOB23839 |
| 3. | DLB2526WSOB23841 |

राज.संवाद/सी/25/13841

अध्यक्ष
नगरपालिका श्रीडूंगरगढ

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका श्रीडूंगरगढ


# भगवान बिरसा मुण्डा साहस, संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान के प्रतीक थे : बिरला

- **राजस्थान भील समाज विकास समिति की ओर से धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर कोटा में हुआ समारोह**

**कोटा, (निसं)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सुभाष नगर में राजस्थान भील समाज विकास समिति द्वारा आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा जयंती समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने अपने साहस, संघर्ष और बलिदान से न सिर्फ आदिवासी समाज, बल्कि पूरे देश को मार्गदर्शन दिया। आज़ादी से पहले उनके नेतृत्व में लड़ी गई लड़ाईयाँ जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा का अहम अध्याय हैं। जनजातीय गौरव दिवस उनके महान त्याग को नमन करने और उनकी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर है।



कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान भील समाज विकास समिति द्वारा आयोजित भगवान बिरसा मुण्डा जयंती समारोह में शिरकत की।

बिरला ने कहा कि जनजातीय समाज ने जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन और सामाजिक न्याय की लड़ाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने नागालैंड के खोनोमा गांव में अपने हालिया प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि एक छोटे से जनजातीय गांव ने अंग्रेजों के खिलाफ साहसिक संघर्ष कर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर किया। उन्होंने उन अनगिनत जनजातीय वीरों को भी स्मरण किया, जिनके बलिदान देश की अमूल्य धरोहर हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज भी कई आदिवासी गांव बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, जिन्हें दूर करना हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पहलें जैसे जनजातीय गौरव दिवस, भूमि अधिकार योजना और एकलव्य मॉडल विद्यालय जनजातीय क्षेत्रों में बड़े सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आने वाले वर्षों में छात्रावास, डिजिटल लाईब्रेरी, कौशल विकास केंद्र, स्वास्थ्य सेवाएँ और खाद्य सुरक्षा योजनाएँ हर जनजातीय परिवार तक पहुंचेंगी। बिरला ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का आधार है। कई पीढ़ियों तक शिक्षा के अभाव में जनजातीय समाज आरक्षण और अन्य योजनाओं का पूरा लाभ नहीं ले पाया, इसलिए अब हर गांव के बच्चों की पढ़ाई सुनिश्चित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर गांव में युवाओं और महिलाओं की एक टीम तैयार की जाएगी, जो सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ दोनों को घर-घर तक पहुंचाएगी। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया। समारोह में बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।